भाकृअनुप- राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर में 14 सितंबर 2023 को राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा- 2023 का उदघाटन समारोह

भाकृअनुप- राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, नागपुर में निदेशक महोदय, डा एन जी पाटील की अध्यक्षता में हिन्दी दिवस एवं राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा- 2023 का उदघाटन समारोह सोल्लास आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पब्लिक रिलेशन सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष(पश्चिम), श्री सत्येंद्र प्रसाद सिंह थे। श्री सिंह ने अपने वक्तव्य में हिन्दी की वैज्ञानिकता एवं वैश्विक स्वीकार्यता पर प्रकाश डाला। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में निदेशक महोदय ने व्यक्तिगत रोचक प्रसंगों के द्वारा हिन्दी की अखिल भारतीय व्याप्ति को रेखांकित किया। इसके साथ ही उन्होने उपस्थित समस्त कार्मिकों से राजभाषा हिन्दी में अधिकतम कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय, श्री देवेन्द्र कुमार धरम, उप निदेशक (राजभाषा) द्वारा किया गया।

ICAR
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20
भा.कृ.अनु.प.-राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो
नागपुर-440033.
राजभाषा
पखवाड़ा
14 सितंबर
2023